


सांध्य दैनिक 4PM

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्षः 8 ● अंकः 45 ● पृष्ठः 8 ● लखनऊ, गुरुवार, 17 मार्च, 2022

मूल्य ₹ 3/-




सर्प, नृप, शेर, डंक मारने वाले ततैया, छोटे बच्चे, दूसरों के कुत्तों और मूर्ख इन सातों को नींद से नहीं उठाना चाहिए।

- चाणक्य

जिद...सच की


राजधानी में चटख होने लगा... 8 | दलालों पर नकेल कसने के लिए... 3 | श्रमिकों को करायी जाएगी तीर्थयात्रा... 7


# जयंत का ऐलान, सपा के साथ मिलकर लड़ेंगे लोक सभा चुनाव

## भविष्य में भाजपा खेमे में जाने की अटकलों को किया खारिज

» भाजपा की अस्सी बनाम बीस की राजनीति को कर दिया खत्म

» जहां दंगों का अधिक था असर वहां दी भाजपा को शिकस्त

» किसान आंदोलन का रहा असर, निभाएंगे सशक्त विपक्ष की भूमिका

» एनडी टीवी को दिए अपने साक्षात्कार में विभिन्न मुद्दों पर की बात

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



लखनऊ। रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने ऐलान किया कि आगामी लोक सभा चुनाव में वे अखिलेश यादव के साथ मिलकर लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा की अस्सी बनाम बीस प्रतिशत की राजनीति को हमने खत्म कर दिया है और जिन जिलों में दंगों की बदनामी थी उन सभी में भाजपा को हरा कर यह बात साफ कर दी कि हमने सकारात्मक बदलाव किये हैं। एनडी टीवी के सौरभ शुक्ला से बातचीत करते हुए उन्होंने भाजपा खेमे की उन सभी अटकलों को खारिज कर दिया कि वे भविष्य में भाजपा के साथ जा सकते हैं।

यूपी विधान सभा चुनाव में पश्चिमी उत्तर प्रदेश से रालोद प्रमुख जयंत चौधरी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक साथ चुनाव लड़ा था। हालांकि वे सत्ता में नहीं आ पाए। चुनाव नतीजे उनके पक्ष में क्यों नहीं रहे। ऐसे तमाम सवालों के जवाब में रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने कहा कि जहां दंगों का सबसे ज्यादा असर था वहां हमने भाजपा को हरा दिया है। मुजफ्फरनगर, शामली, मेरठ में भाजपा को हराया। ये लोग कैराना में पलायन का मुद्दा लेकर आए थे और वहां भी हमने भाजपा को शिकस्त दी। संगीत सोम, उमेश मलिक, सुरेश राणा सब चुनाव हार गए हैं। चुनाव में भाजपा का 80 बनाम 20 नहीं चला। किसान आंदोलन का भी असर देखने को मिला। जयंत चौधरी ने कहा कि बसपा का ठीक तरह से चुनाव नहीं लड़ पाना भी हार की वजह रहा है। हमने इस चुनाव से बहुत कुछ सीखा है। लोक सभा चुनाव भी मैं और अखिलेश साथ मिलकर लड़ेंगे। लोग भाजपा से नाराज थे पर वोट खिलाफ में नहीं दिया है। हम विपक्ष में रहकर लोगों के मुद्दे उठाएंगे। प्रदेश में भाजपा को 80 बनाम 20 नहीं करने देंगे। गौरतलब है कि जयंत चौधरी के नेतृत्व वाली रालोद जो 2017 के चुनावों में एक सीट पर सिमट गई थी, इस बार सपा के साथ गठबंधन कर 33 सीटों पर लड़ी और उनमें से आठ पर जीत हासिल की।

### जनता तक नहीं पहुंचा पाए अपनी बात

रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने कहा कि मैं मानता हूं कि हम अपनी बात जनता तक नहीं पहुंचा पाए। बहुत सी सीटों पर हम 500 से भी कम वोटों से हारे। ब्रज और गाजियाबाद की पूरी बेल्ट में हार गए।

# हरभजन सिंह होंगे आप के राज्य सभा उम्मीदवार

» पंजाब में सरकार बनते ही केजरीवाल का फैसला

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। राज्य सभा के लिए आप ने पहले उम्मीदवार की घोषणा की। क्रिकेटर हरभजन सिंह को आम आदमी पार्टी ने अपना राज्य सभा उम्मीदवार बनाया है। कहा जा रहा है कि उन्हें स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी की कमान भी दी जा सकती है। चुनाव प्रचार के दौरान ही भगवंत मान ने ऐलान कर दिया था कि उनके कार्यकाल में पंजाब में खेल को काफी बढ़ावा दिया जाएगा।



इस महीने के आखिर तक राज्य सभा के लिए आम आदमी पार्टी को पांच सीटें मिलने वाली हैं। इसमें पहला नाम हरभजन सिंह का सामने आया है। आम आदमी पार्टी के हाईकमान अरविंद केजरीवाल ने हरभजन सिंह के नाम को हरी झंडी दे दी है। हरभजन के नाम की अटकलें लंबे समय से चल रही थीं। भगवंत मान और हरभजन सिंह करीबी दोस्त माने जाते हैं। जब पंजाब में आम आदमी पार्टी की अप्रत्याशित जीत हुई थी, तब भी हरभजन सिंह ने ट्वीट कर भगवंत मान को बधाई दी थी। पंजाब चुनाव की बात करें तो इस बार आम आदमी पार्टी ने एक ऐतिहासिक जीत दर्ज की। यहां की 117 सीटों में आप ने इस चुनाव में 92 सीटें जीतीं हैं।

# फिर सतह पर कांग्रेस की कलह मुलाकातों का दौर शुरू

» राहुल गांधी से मिलने के बाद गुलाम नबी आजाद से मिलने पहुंचे हुड्डा

» जी-23 नेताओं ने कांग्रेस नेतृत्व पर उठाये सवाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। कांग्रेस की पांच राज्यों में करारी हार के बाद पार्टी में अंतर्कलह एक बार फिर सतह पर आ गई है। पार्टी के बागी जी-23 नेताओं ने पांच राज्यों में पार्टी की हार पर कांग्रेस नेतृत्व पर सवाल उठाए हैं। वहीं आज जी-23 बैठक में शामिल कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने राहुल गांधी से उनके आवास पर मुलाकात की है। राहुल से मुलाकात के बाद हुड्डा, गुलाम नबी आजाद से मिलने पहुंचे हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि हुड्डा ने राहुल से पार्टी के संगठन में फेरबदल की बात की है।



पार्टी से नाराज नेताओं के गुट जी-23 ने कल ही एक बैठक की थी। इस बैठक में सीधे पार्टी नेतृत्व पर सवाल उठाए गए। इन नेताओं का मानना है कि पांच राज्यों में करारी हार के लिए शीर्ष नेतृत्व को भी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। सूत्रों के मुताबिक बैठक में प्रियंका गांधी पर भी सवाल उठे और उनके इस्तीफे की भी बात की गई। गुलाम नबी आजाद के घर कल हुई जी-23 नेताओं की बैठक में कई बड़े नेता शामिल हुए। इनमें कपिल सिब्बल, मनीष तिवारी, शशि थरूर, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, आनंद शर्मा, अखिलेश प्रसाद सिंह आदि शामिल हुए।

# बड़ा कठिन है यूपी में सफर, रास्ते में सांड़ तो मिलेंगे : अखिलेश

## » सपा प्रमुख की गाड़ी के सामने आया सांड़ तो भाजपा पर तंज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सड़कों पर घूमते छुट्टा जानवरों को लेकर प्रदेश की योगी सरकार पर तंज कसा है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि सफर में सांड तो मिलेंगे, जो चल सको तो चलो। बड़ा कठिन है यूपी में सफर जो चल सको तो चलो। अखिलेश यादव कल सीतापुर में थे। जहां उनके काफिले के सामने एक सांड आ गया, जिस पर उन्होंने ट्वीट किया। प्रदेश में छुट्टा जानवर एक बड़ी समस्या है, जिसे दूर करने का वादा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी कर चुके हैं। उम्मीद की जा रही है कि सरकार जल्द ही इस समस्या का समाधान करेगी। इसके कारण किसान भी परेशान हैं और आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं में कई बार दोपहिया वाहन चालकों की मौत भी हो जाती है।**

पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव और समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने महंगाई को लेकर कहा चुनाव समाप्त होते ही भाजपा ने होली के त्योहार पर महंगाई का तोहफा देकर अपने मतदाताओं का कर्ज उतार दिया है। आटा, मैदा, तेल, घी समेत सब कुछ महंगा हो गया है। उन्होंने यह भी कहा है कि 2024 में



जनता भाजपा को करारा सबक सिखाएगी। इससे पहले इशारों में ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए अखिलेश यादव ने कहा पोस्टल बैलेट में समाजवादी पार्टी-गठबंधन को मिले 51.5 प्रतिशत वोट और उनके हिसाब से 304 सीटों पर हुई समाजवादी पार्टी -गठबंधन की जीत चुनाव का सच बयान कर रही है। वैसे भी उत्तर प्रदेश के मतदाताओं ने समाजवादी पार्टी की ढाई गुना सीटें बढ़ाकर अपना रूझान जता दिया है और भाजपा की सीटों का घटाव भविष्य का संकेत है। अखिलेश ने कहा कि भाजपा के संरक्षण में अपराधी तत्व फिर सक्रिय हो उठे हैं। मुख्यमंत्रीजी के गृह जनपद गोरखपुर में कानून व्यवस्था बिगड़ने लगी है। न कानून का डर है न ही पुलिस का खौफ। फिर लगाया दिलीप यादव पर दांवएमएलसी चुनाव के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने फिर दिलीप सिंह यादव पर भरोसा जताया है। पूर्व सांसद अक्षय यादव, प्रधान, बीडीसी व जिला पंचायत सदस्यों के साथ कलक्ट्रेट में दिलीप यादव ने नामांकन किया। दो दिन में तीन प्रत्याशियों ने नामांकन किए हैं, जबकि अब तक 15 पर्चे बिक चुके हैं। फिरोजाबाद के सीता नगर नगला भाऊ निवासी दिलीप सिंह यादव सपा के टिकट पर 2016 में आगरा फिरोजाबाद स्थानीय प्राधिकारी विधान परिषद सदस्य पद पर एमएलसी का चुनाव जीते थे। एमएससी, पीएचडी शिक्षित दिलीप सिंह के पास 12 एकड़ कृषि भूमि है। उन्होंने बताया कि ग्राम प्रधानों से लेकर क्षेत्र व जिला पंचायत सदस्यों की बात हमेशा सदन में उठाता रहा हूं। इसलिए मुझे विश्वास है कि निकायों के प्रतिनिधि मुझे फिर मौका देंगे।

# भर-राजभर जातियों को एसटी में शामिल करने के मामले में फैसला ले सरकार : हाईकोर्ट

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क



**प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को भर और राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने के संबंध में दो माह में निर्णय लेने का निर्देश दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति दिनेश पाठक ने जागो राजभर जागो समिति की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिया है। याची की ओर से तर्क दिया गया कि उत्तर प्रदेश के राजभर समुदाय को अनुसूचित जनजाति की सूची में शामिल करने के लिए एक विधायक के माध्यम से केंद्र सरकार के समक्ष मामले को उठाया गया था।**

मामले में केंद्र सरकार ने 11 अक्टूबर 2021 को उत्तर प्रदेश सरकार समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव को पत्र लिखकर कहा कि इस मामले को तब तक हल नहीं किया जा सकता है, जब तक कि उत्तर प्रदेश सरकार भर व राजभर जाति को अनुसूचित जनजाति की श्रेणी में नहीं रखती है। कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड से यह कहीं नहीं पता चल रहा है कि याची की ओर से इस मामले में राज्य सरकार के उपयुक्त प्राधिकारी से संपर्क किया गया हो। केंद्र सरकार को एक विधायक के जरिए याचियों की ओर से भेजे गए मांगपत्र को पहुंचाया गया। जवाब में केंद्र सरकार ने राज्य सरकार को अग्रेषित कर दिया। मामला लटका हुआ है। ऐसी परिस्थिति में याचिका को लटकाए रखने में कोई उपयोगी उद्देश्य पूरा होता नहीं दिख रहा है। लिहाजा उत्तर प्रदेश सरकार मामले को दो महीने में निस्तारित करे। इस निर्देश के साथ ही हाईकोर्ट ने इस याचिका को निस्तारित कर दिया।

# इकाना स्टेडियम में होगा मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण

## » पीएम सहित भाजपा शासित राज्यों के सीएम होंगे शामिल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा सरकार का दूसरा शपथ ग्रहण समारोह शहीद पद स्थित इकाना स्टेडियम में होगा। शपथ समारोह में मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और राज्यमंत्री शपथ लेंगे।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा सहित केंद्र सरकार के मंत्री, भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, संघ और भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी



शपथ समारोह में शामिल होंगे। शासन ने इकना स्टेडियम में 21 या 22 मार्च को प्रस्तावित शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियां शुरू कर दी है। सूत्रों के मुताबिक योगी मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह में बसपा सुप्रीमो मायवती, सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी सहित विपक्षी दलों के नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा।

# कुछ सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशियों ने की बीजेपी की मदद

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। विधानसभा चुनाव में करारी हार के कांग्रेस में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस कड़ी में पूर्व राज्य मंत्री और कांग्रेस नेता नव प्रभात ने दावा किया है कि विधानसभा चुनाव में हार के लिए किसी एक व्यक्ति को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। पार्टी के कुछ उम्मीदवारों ने भाजपा उम्मीदवारों की मदद की। गुटबाजी हावी नहीं होनी चाहिए। औपचारिक समीक्षा बैठक नहीं, बल्कि गहन समीक्षा की जरूरत है। दरअसल, यूपी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को उम्मीद मुताबिक सीटें नहीं मिली और करारी हार का सामना करना पड़ा। इसके बाद पार्टी में जिम्मेदारों पर सवाल उठने लगे। हार की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए यूपी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। लल्लू ने पार्टी नेतृत्व को धन्यवाद देते हुए कहा कि मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता पर भरोसा जताने के लिए शीर्ष नेतृत्व का आभार। उन्होंने आगे कहा कि वो कार्यकर्ता के तौर पर आम आदमी के अधिकारों की लड़ाई लड़ते रहेंगे। अजय कुमार लल्लू ने ये भी कहा कि वो यूपी चुनाव में हार की पूरी जिम्मेदारी लेते हैं। वहीं लल्लू की असफलता का एक कारण उनकी अपनी टीम का न होना था।

# सीएम रेस में अब भी धामी आगे

## » आज तैयार हो सकता है सरकार का खाका

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**देहरादून। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व उत्तराखंड में सरकार गठन की तारीख की औपचारिक घोषणा करने के लिए जुट गया है। इसको लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह समेत कुछ अन्य नेताओं से प्रदेश के नेताओं ने मुलाकात की। फिलहाल सबसे बड़ा सवाल उत्तराखंड मुख्यमंत्री को लेकर है। बताया जा रहा है कि यह फैसला शीर्ष के दो-तीन नेताओं के बीच होना है।**


इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और नड्डा की बैठक हुई थी। उसमें शायद सहमति बनी है। लेकिन अंतिम



फैसला अभी नहीं आया है। वैसे अटकलों में पुष्कर सिंह धामी का नाम सबसे आगे है। धन सिंह रावत और सतपाल महाराज का नाम शुरू से ही नए मुखिया की रेस में है। लेकिन दिल्ली में धामी की सक्रियता अधिक देखी जा रही है। जेपी नड्डा, संगठन महामंत्री बीएल संतोष और चुनाव प्रभारी प्रल्हाद जोशी के साथ हुई बैठक में भी धामी मौजूद थे। वह राज्यसभा सदस्य अनिल बलूनी से भी मिले और उनके साथ अमित शाह के घर भी गए।

बामुलाहिजा

कार्टून: हसन जैदी



# एमएलसी और पार्टी पदाधिकारी भी बनाए जा सकते हैं मंत्री

## » मंत्रिमंडल में युवाओं, महिलाओं के साथ अनुभव को भी प्राथमिकता

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। प्रदेश में योगी सरकार का मंत्रिमंडल भाजपा के मिशन 2024 के एजेंडे को ध्यान में रखकर गठित होगा। मंत्रिमंडल में युवाओं, महिलाओं के साथ अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। साथ ही लोकसभा चुनाव 2024 में 50 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त करने के उद्देश्य से पश्चिम से पूर्वांचल तक जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधा जाएगा। योगी मंत्रिमंडल के गठन को लेकर दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में करीब साढ़े चार घंटे तक चली बैठक में मंथन हुआ।**

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, महामंत्री संगठन बीएल संतोष, चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र



प्रधान, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, डॉ. दिनेश शर्मा और महामंत्री संगठन सुनील बंसल की मौजूदगी में हुई बैठक में करीब दो से तीन उप मुख्यमंत्री, दो दर्जन से अधिक कैबिनेट मंत्रियों, करीब 11 से 12 राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार और दस राज्यमंत्रियों के नामों पर मंथन हुआ। भाजपा के विधायक दल के नेता के चुनाव के लिए नियुक्त पर्यवेक्षक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और सह पर्यवेक्षक रघुवर दास होली के बाद लखनऊ आएंगे। शाह का 19 या 20 मार्च को आना प्रस्तावित है। उनकी मौजूदगी में भाजपा विधायक दल का नेता चुना जाएगा। इससे पहले भाजपा ने विधान परिषद चुनाव के लिए 36 प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए है। प्रत्याशियों की सूची होली तक जारी होगी ख़रे न उतरने वाले मंत्रियों का पत्ता कटेगापिछली योगी सरकार में सरकार और संगठन की अपेक्षा के अनुरूप काम नहीं करने वाले मंत्रियों को सरकार में दोबारा जगह नहीं दी जाएगी। वहीं, नई लीडरशिप डेवलप करने के लिए पहली और दूसरी बार जीतकर आए कुछ नए चेहरों को मौका दिया जाएगा।



# बाजार पर चढ़ा होली का रंग, उमड़े खरीदार

» देर शाम तक कई तरह की पिचकारी और नए कपड़े खरीदते नजर आए लोग

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

## हर्बल रंग और गुलाल की बढ़ी मांग, बच्चों को लुभा रही कार्टून कैरेक्टर्स वाली टी-शर्ट

लखनऊ। होली का रंग बाजार पर पूरी तरह चढ़ चुका है। होलिका दहन के दिन भी बाजार में भारी भीड़ उमड़ी। लखनऊ में लोगों ने जमकर खरीदारी की। त्योहार के लिए हर्बल रंगों, गुलाल और पिचकारी के साथ नए कपड़ों की खरीदारी की गयी। वहीं गुझिया और मिठाइयों की दुकानों पर भी भारी भीड़ दिखी।

कोरोना से राहत मिलने का असर होली पर साफ दिखायी पड़ा। रंग-बिरंगे परिधान, मुखौटे, रंग, पिचकारी व मिठाइयों से बाजार पट गया है। लोग देर शाम तक कहीं मास्क तो कहीं नए कपड़े खरीदते दिखे। हर्बल रंग और गुलाल की मांग काफी रही। चौक, अमीनाबाद, निशातगंज, भूतनाथ, आलमबाग सहित आसपास की बाजारों में खरीदारों का जमावड़ा लगा रहा। बाजार में बच्चों के कार्टून कैरेक्टर और भूतों के मास्क 60 से 200 रुपये में बिके। इन्हें पहनकर बच्चे होली में बहुरुपिया बनते हैं। होली को देखते हुए दुकानदारों ने तरह-तरह के रेडीमेड कपड़े भी मंगाए हैं। इसमें बच्चों के



टीवी के कार्टून कैरेक्टरों के कपड़ों की धूम है। बच्चों की पहली पसंद बनी कार्टून कैरेक्टर्स वाली टी-शर्ट की बिक्री खूब हुई। इन टी-शर्टों में डोरेमोन, छोटा भीम, स्पाइडर मैन, पोकीमोन, बेन टेन अधिक बिक रहे हैं। बच्चों के कुर्ता-पायजामा, धोती-कुर्ता व पैंट-शर्ट की भी खूब खरीदारी हुई। होली में मिठाइयों की मांग खूब बढ़ी है। त्योहार को देखते हुए दुकानदारों ने तरह-तरह की मिठाइयां बनानी शुरू कर दी हैं। मिठाई व्यावसायी बलराम ने बताया कि होली में दिल खुश, राजभोग, रसगुल्ला और छेना की मिठाई की मांग अधिक रहती है।

फोटो: सुमित कुमार



## स्वादिष्ट गुझियों संग बढ़ रही प्यार की मिठास

होली का मौका हो और गुझिया की बात न हो, यह मुमकिन नहीं। इस त्योहार की मिठास स्वादिष्ट गुझिया से और भी बढ़ जाती है। बिजी लाइफ स्टाइल और नौकरी के चलते अब लोगों के पास घर में गुझिया और नमकीन बनाने का समय ही नहीं मिलता तो लोग बाजार से भी मनचाही गुझिया खरीद रहे हैं। बाजार में हर दाम की गुझिया मौजूद है। शुद्ध खोवा से बनी देशी घी की गुझिया 800 रुपये व रिफाइंड में तैयार गुझिया 700 रुपये प्रति किलो बिक रही है। मेवा युक्त गुझिया 800 रुपये प्रति किलो मौजूद है। नवरत्न गुझिया खास है। इसके अलावा चाकलेट के साथ सोने की गुझिया भी बाजार मौजूद है।







## ठंडई की बढ़ी मांग




चाहे लोग होली में कितना भी रंग क्यों न खेल लें, ठंडई पीये बिना होली अधूरी सी मानी जाती है। ये ठंडई बाजार में कई तरह की मिल रही है। रेडीमेड ठंडई जहां बनाकर होटलों में मिल रही है, वहीं बोतलबंद पैक भी मिल रहा है। जिसे दूध में मिलाते ही ठंडई तैयार हो जाती है। इसके अलावा पाउडर में भी यह बाजार में उपलब्ध है। इसकी कीमत 80 से लेकर 250 रुपये तक है।

## चिप्स, पापड़ और नमकीन भी खास



होली पर चिप्स, पापड़ और नमकीन की दुकानों पर भी भीड़ उमड़ी। आलमबाग के अशोक केवलानी ने बताया कि चिप्स के साथ ही ब्रांडेड पापड़ के अलावा नमकीन की कई वैराइटियां मौजूद हैं। 150 रुपये से लेकर 900 रुपये किलो तक नमकीन उपलब्ध है तो काजू, पिस्ता युक्त नमकीन एक हजार से 1800 रुपये प्रति किलो बिक रही है।

# फाग की फुहार : बुरा न मानो होली है......




रचनाकार : राजेश अरोरा शलभ, कार्टूनिस्ट: हसन जैदी, डिजाइन: मो. लईक़

## पांच दिनों में 60 करोड़ का आंकड़ा पार कर गयी

# द कश्मीर फाइल्स



बॉलीवुड | मसाला

मशहूर फिल्म डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी फिल्म द कश्मीर फाइल्स पिछले 5 दिनों से दर्शकों के बीच जबरदस्त प्रदर्शन कर रही है। फिल्म को लेकर हर दिन क्रेज बढ़ता ही जा रहा है। तमाम विवादों के बावजूद लोग लगातार सिनेमाघरों का रुख कर रहे हैं। ऐसे में फिल्म का कलेक्शन भी शानदार होता जा रहा है। अब 5वें दिन भी फिल्म के कारोबार से मेकर्स काफी खुश हैं। टार्गेट ऑडियंस को ध्यान में रखकर बनाई गई ये फिल्म अब भी हाउसफुल चल रही है। 14 करोड़ रुपये की लागत में बनी इस फिल्म से पहले ही दिन 3.55 करोड़ रुपये की कमाई कर साबित कर दिया था कि आने वाले वक्त में यह एक लंबी छलांग मारने वाली है, जो सही भी होता दिखा। अब सिर्फ 5 दिनों में ही फिल्म 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर चुकी है। फिल्म समीक्षक और बिजनेस विशेषज्ञ तरण आदर्श ने फिल्म के कारोबार के बारे में जानकारी देते हुए ट्वीट किया है। इसमें उन्होंने लिखा द कश्मीर फाइल्स बॉक्स ऑफिस पर एक सुनामी की तरह है। जबरदस्त ट्रेंडिंग, फुटफॉल्स, ऑक्यूपेसी, नंबर्स सभी में लगातार इजाफा होता जा रहा है। 5वां दिन बाकी दिनों से और ज्यादा ब्लॉकबस्टर रहा। शुक्रवार- 3.55 करोड़, शनिवार- 8.50 करोड़, रविवार- 15.10 करोड़, सोमवार- 15.05 करोड़, मंगलवार- 18 करोड़, कुल- 60.20 करोड़ रुपये।

द कश्मीर फाइल्स के लिए यह आंकड़ा काफी शानदार है। फिल्म की लागत को देखते हुए कह सकते हैं कि ये सुपरहिट साबित हो चुकी है। दूसरी ओर कई राज्य सरकारों ने भी अपनी जनता तो यह फिल्म देखने के लिए प्रेरित किया है। इसे हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों में टैक्स फ्री किया जा चुका है। बता दें कि फिल्म में अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, दर्शन कुमार और पल्लवी जोशी जैसे सितारे अहम किरदारों में दिख रहे हैं। इसे देशभर में करीब 700 स्क्रीन्स पर रिलीज किया गया था, जबकि इसे 113 ओवरसीज स्क्रीन्स मिली थी। लिमिटेड स्क्रीन्स होने के बावजूद फिल्म शानदार कारोबार कर रही है।

बॉलीवुड | मन की बात

## मैं अपनी लाइफ में कर्ज में डूबा हुआ हूं: बोहरा



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनोट के शो लॉक-अप में हाल ही में करणवीर बोहरा ने कई खुलासे किए हैं। करण ने बताया कि वो पिछले 7 सालों से अपने करियर में कुछ अच्छा नहीं कर पा रहे हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वो अपने जीवन में कई कर्जों में दबे हुए हैं और उनके खिलाफ 3-4 केस भी चल रहे हैं, क्योंकि उन्होंने कई लोगों के पैसे वापस नहीं किए हैं। करणवीर ने अपने मुश्किल हालातों के बारे में बात करते हुए कहा कि मैं अपनी लाइफ में सबसे बुरे कर्ज में डूबा हुआ हूं। मतलब मैं इसमें धंस चुका हूं, वैसा वाला कि सिर भी बाहर नहीं है मेरा। पैसे वापस न करने की वजह से मुझपर कम से कम 3-4 केस चल रहे हैं। साल 2015 से अभी तक, मैंने जो भी काम लिया है, वो सिर्फ पैसे वापस करने या अपना कर्ज को चुकाने के लिए किया है। मुझे अपने और अपनी फैमिली के लिए बहुत दुख है। मैं आखिर उन्हें क्या दे रहा हूं। अगर मेरी जगह कोई और होता तो वो अब तक सुसाइड कर चुका होता। मेरे लिए ये शो एक लाइफ लाइन है। करणवीर की बात करें तो वो टीवी इंडस्ट्री में काफी पॉपुलर हैं। करण ने कसौटी जिंदगी की, दिल से दी दुआ... सौभाग्यवती भव?, शरत, नागिन 2 और कुबूल है जैसे कई टीवी शोज में काम किया है। करण बिग बॉस के साथ-साथ कई रियलिटी शो का हिस्सा भी रह चुके हैं। साथ ही उन्होंने कई फिल्मों में काम भी किया है। करण बिग बॉस 12 में टॉप 5 की लिस्ट में शामिल थे।

## रंग जाऊं तेरे रंग में के कलाकारों ने सेट पर खेली होली



बॉलीवुड | छोटा पर्दा

धारावाहिक 'रंग जाऊं तेरे रंग में' दर्शकों का बेपनाह प्यार हासिल कर रहा है। ध्रुव और धानी की जिंदगी में जैसे मोड़ आ रहे हैं, शो में भी टर्न ट्विस्ट देखने को मिल रहा है। इस शो में होली के सेलेब्रेशन का सीक्वेंस भी नजर आएगा। धानी चौबे का रोल कर रही मेघा रे ने बताया कि शो में नया टर्न आने वाला है। होली के दिन मेरा इस घर में आखिरी दिन होगा। इस दिन ड्रामा अपने हाई पॉइंट पर होगा। अगर होली में हमें छुट्टी मिली तो परिवार और दोस्तों के साथ जमकर होली मनाऊंगी। ध्रुव पाण्डेय का किरदार अदा कर रहे राजपाल ने बताया कि होली कलरफुल त्योहार है हमारे देश का। और सभी रंगों में रंग गए हैं और हमारे शो का नाम भी है रंग जाऊं तेरे रंग में, तो यह परफेक्ट मौका है दूसरों को भी रंगों में रंगने का। शो में काफी टर्न ट्विस्ट आ रहे हैं। प्यार मोहब्बत नफरत बहुत कुछ है। मैं इस शो के मेकर्स की तारीफ करूंगा जो खूब दिल लगाकर यह शो बना रहे हैं। काशीनाथ पाण्डेय का किरदार अदा कर रहे सुदेश बेरी ने बताया कि हमारे शो में तो होली का त्योहार आ चुका है यही फर्क होता है रियल और रील लाइफ में। ध्रुव के भाई अभिषेक का रोल कर रहे उदित शुक्ला ने बताया कि हम सब बेहद उत्साहित हैं।


## कोरोना से भी खतरनाक थी ये बीमारी जब करोड़ों लोगों ने गंवायी थी जान



कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया में आतंक मचाया हुआ है। इस वायरस के कारण सिर्फ भारत में ही लगभग 4 लाख लोगों की मौत हो चुकी है। ऐसा पहली बार नहीं है जब किसी फ्लू या वायरस ने दुनियाभर में लोगों की इतने बड़े पैमाने पर जान गंवानी पर मजबूर कर दिया है। इतिहास में पीछे भी एक फ्लू के कारण पूरी दुनिया में हाहाकार मच चुका है, जब 10 करोड़ से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। 10 करोड़ का आंकड़ा इसलिए भी काफी बड़ा था क्योंकि उस दौरान दुनिया की आबादी इतनी ज्यादा नहीं थी। साल 1918-1920 के बीच में इस वायरस ने दुनियाभर में तबाही मचाई थी। 1918 में इन्फ्लूएंजा वायरस का पूरी दुनिया में कहर था। स्पेनिश फ्लू के कारण सिर्फ अमेरिका में ही 6 लाख 75 हजार लोगों की जान गई थी। साल 1918 के अक्टूबर महीने में इस फ्लू का खौफ इतना ज्यादा खौफ था कि लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध था। इतना ही नहीं, लोगों को जनाजे और किसी का मौत का शोक में भी आने पर पाबंदी थी। सबसे भयावहता फिलाडेल्फिया में देखने को मिली थी, जहां महामारी के कारण प्रतिदिन 1,000 लोगों की मौत हुई थी। फिलाडेल्फिया के एक शहर के मुर्दाघर में केवल 36 लाशों को रखने की जगह थी लेकिन इस दौरान करीब 500 लाशें लाई गई थी जिसके कारण मुर्दा घर में काफी भीड़ जमा हो गई थी। फिर प्रशासन ने शहर में अस्थाई मुर्दाघर निर्माण किया था, जिसमें लाशें रखी गई थीं। इस दौरान कई लोगों को एक साथ ही दफना जाया रहा था। फिलाडेल्फिया और शिकागो में सार्वजनिक अंतिम संस्कार पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। यहां तक कि आयोवा में सार्वजनिक अंत्येष्टि और ताबूतों को खोलने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया था। हालांकि सैनिकों की पहचान के लिए उनके दफनाने से पहले उनके परिजनों को ताबूत खोलने की अनुमति थी।

अजब-गजब | इस कीड़े की कीमत जानकर पकड़ लेंगे सिर

## ये है दुनिया का सबसे महंगा कीड़ा रातों रात बना सकता है करोड़पति



दुनिया में कई तरह के जीव पाए जाते हैं जिनमें कई बेहद दुर्लभ होते हैं। आज हम आपको आज एक ऐसे जीव के बारे में बताने जा रहे हैं जिसके बारे में जानकर आप हैरान हो जाएंगे। बहुत से लोगों को जानवरों का पालने का शौक होता है जिसके लिए वह काफी पैसे खर्च कर देते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि एक ऐसा कीड़ा है जिसको पालने के लिए लोग लाखों रुपये देकर खरीदते हैं। अब आपको इस बात पर यकीन नहीं हो रहा होगा, लेकिन यह बिल्कुल सच है। इस धरती पर एक ऐसा दुर्लभ कीड़ा पाया जाता है जिसको पालने के लिए लोग लाखों रुपये खर्च कर देते हैं। इस दुर्लभ कीड़े की कीमत इतनी है कि आप एक आलीशान घर खरीद लेंगे। जहां लोग कीड़े से नफरत करते हैं, तो वहीं इसको खरीदने के लिए लोगों में होड़ मची रहती है। इस कीड़े को खरीदने के लिए लोगों में होड़ मचने की एक खास वजह है। आइए जानते हैं इस खास कीड़े के बारे में और इसको क्यों लोग खरीदना चाहते हैं?

**करोड़पति बना सकता है ये कीड़ा**

इस कीड़े को लोग इसलिए खरीदना चाहते हैं, क्योंकि ये किसी भी इंसान को रातों रात करोड़पति बना सकता है। दुनिया में यह बेशकीमती कीड़ा स्टैग बीटल के नाम से जाना जाता है। इस दुर्लभ कीड़े का आकार दो से तीन इंच तक होता है। माना जाता है कि धरती पर मौजूद सबसे छोटे, अजीब और दुर्लभ प्रजातियों में से स्टैग बीटल एक है।

**शायद ही कोई इंसान किसी कीड़े को**

खरीदने के लिए 50 रुपये भी खर्च करे। लेकिन लोग एक करोड़ रुपये खर्च कर भी इस कीड़े को खरीदने के लिए तैयार रहते हैं। स्टैग बीटल लुकानिडे प्रजाति का कीड़ा है। यह दुर्लभ होने की वजह से इतना महंगा बिकता है। इस कीड़े को आप इसके काले सिर से निकले सींगों से पहचान सकते हैं। 2 से 4.8 इंच के बीच इस कीड़े का औसत आकार होता है। कुछ सालों पहले एक जापानी ब्रीडर ने अपने स्टैग बीटल को करीब 65 लाख रुपये में बेचा था। इस कीड़े को लोग एक करोड़ रुपये तक खर्च कर खरीदने को तैयार रहते हैं। लोग इसके कीड़े को शौक से पालते हैं। दावे के मुताबिक इस कीड़े से कई दवाइयां बनती हैं। यह कीड़ा गर्म जगहों पर रहता है। सर्दियों में कई स्टैग बीटल की मौत हो जाती है। सर्द जगहों पर खाद और कूड़े के ढेर के नीचे गरम जगहों पर यह जिंदा रह सकता है। स्टैग बीटल करीब सात साल तक जिंदा रहता सकता है।

## जिद... सच की

# रंगोत्सव के गहरे अर्थ को समझिए



Sanjay Sharma
editor.sanjaysharma
@Editor_Sanjay

> सवाल यह है कि क्या हम इस पर्व के असली संदेश को समझ सके हैं? क्या समाज से सांप्रदायिकता का जहर खत्म हो चुका है? क्या समतामूलक समाज की स्थापना करने में सरकारें सफल हो सकी हैं? क्या महिलाओं को बराबरी का अधिकार मिल सका है? क्या आतंकवाद को खत्म किया जा सका है? क्या दलितों और वंचितों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी जा सकी है?

*रंगों के त्योहार होली का आगाज हो चुका है। शुभकामनाओं का दौर जारी है। रंगों की फुहार और गुझिया की मिठास वातावरण में छा गयी है। होलिका दहन के बाद रंगों की होली खेलने की तैयारी पूरी हो चुकी है। भाईचारे के इस त्योहार के बीच कुछ प्रश्न अनुत्तरित हैं। सवाल यह है कि क्या हम इस पर्व के असली संदेश को समझ सके हैं? क्या समाज से सांप्रदायिकता का जहर खत्म हो चुका है? क्या समतामूलक समाज की स्थापना करने में सरकारें सफल हो सकी हैं? क्या महिलाओं को बराबरी का अधिकार मिल सका है? क्या आतंकवाद को खत्म किया जा सका है? क्या दलितों और वंचितों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरी जा सकी है? क्या किसानों को उनके हक की खुशियां मिल सकी हैं? क्या समाज से जातिवाद को समाप्त किया जा सका है? क्या विश्वबंधुत्व की भावना को साकार किया जा सका है? क्या असत्य पर सत्य की विजय पताका फहरायी जा सकी है? क्या पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर समाज गंभीर हुआ है?*

*होली का त्योहार राक्षसराज हिरण्यकश्यप, उसकी बहन होलिका और उसके पुत्र प्रह्लाद से जुड़ा है। अपने भाई के कहने पर होलिका, प्रह्लाद को आग में जलाना चाहती थी लेकिन खुद जल गयी और बाद में भगवान नृसिंह ने हिरण्यकश्यप का वध कर प्रह्लाद को गद्दी पर बिठा दिया। इसकी याद में होली का त्योहार मनाया जाता है। होली का संदेश गहरा है। इस दिन लोग सारे भेदभाव भूलकर एक-दूसरे को रंग लगाते हैं। मिठाइयां खिलाते हैं और बेहतर समाज की स्थापना का संदेश देते हैं। हर रंग कुछ कहता है। सफेद रंग सादगी का प्रतीक है तो गुलाबी रंग सपनों को वास्तविकता में बदलने के लिए प्रेरित करता है। केसरिया रंग त्याग को दर्शाता है। इसके विपरीत लाल, पीले, काले, गुलाबी एवं चटकीले रंग मन एवं शरीर दोनों को चंचल कर देते हैं। होली पर ये सभी रंग एक होकर अपने-अपने उद्देश्य हमारे जीवन में उड़ेल देते हैं। यह त्योहार समतामूलक और सद्भाव से परिपूर्ण समाज बनाने की प्रेरणा देता है। हैरानी यह कि भारत में सदियों से यह त्योहार मनाया जा रहा है लेकिन न तो जातिवाद खत्म हो सका न समतामूलक समाज की स्थापना हो सकी है। भाईचारे की जगह सांप्रदायिकता का जहर बढ़ता जा रहा है। महिलाओं के प्रति अपराध बढ़ रहे हैं। आज के आधुनिक युग में भी बेटे-बेटी में भेद किया जा रहा है। सामंती और पुरुषवादी सोच आज भी समाज में बरकरार है। जिस पर्यावरण को शुद्ध रखने का संदेश होलिका दहन के जरिए दिया गया, वह कहीं गुम हो गया है। भौतिकवाद की अंधी दौड़ में पर्यावरण का विनाश किया जा रहा है। इसके संरक्षण के उपाय खानापूर्ति बनते जा रहे हैं। धर्म और जाति के नाम पर हिंसा हो रही है। बावजूद इसके उम्मीद पर दुनिया कायम है। आइए होली के इस पावन पर्व में विश्वबंधुत्व और समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प लें। होली की ढेर सारी शुभकामनाएं...।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# श्रमिकों को करायी जाएगी तीर्थयात्रा : सुनील भराला

## » महिला श्रमिकों के सशक्तीकरण के लिए गठित समिति की रिपोर्ट तलब

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष सुनील भराला ने कहा कि परिषद को गतिशील बनाने एवं श्रमिकों के कल्याण के लिए परिषद के अन्तर्गत संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रदेश के प्रत्येक मंडल एवं जनपद स्तर पर बोर्ड के सदस्यों द्वारा समीक्षा की जाए, जिससे योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक श्रमिक परिवारों को दिलाया जा सके।**



बापू भवन सचिवालय में आयोजित बोर्ड की बैठक में सुनील भराला ने सचल चिकित्सा वाहनों के क्रय एवं संचालन तथा स्वास्थ्य शिविरों के आयोजन के संबंध में प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए वित्तीय आंकलन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने महिला श्रमिकों को स्वावलंबी बनाने तथा उनके जीवन स्तर में सुधार के लिए स्व. सुषमा स्वराज महिला सशक्तीकरण श्रमिक महिला कल्याण योजना की रूपरेखा तैयार किये जाने के संबंध में गठित समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने श्रमिकों के कल्याणार्थ संचालित योजनाओं में आ रही समस्याओं का त्वरित निवारण के लिए उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद के कार्यालय में उप सचिव के पद पर तैनाती किये जाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने परिषद की श्रवण कुमार श्रमिक परिवार धार्मिक पर्यटन योजना के अन्तर्गत पात्र श्रमिक परिवारों को श्रमिक दिवस (एक मई) को तीर्थयात्रा पर भेजने के लिए प्रदेश के प्रत्येक मंडल से एक बस रवाना किये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने निदेशक कारखाना के प्रतिनिधि के तौर पर सम्मिलित सहायक निदेशक कारखाना, लखनऊ संभाग को निर्देशित किया कि प्रदेश में पंजीकृत दुकानों/वाणिज्यिक कारखानों/अधिष्ठानों का वास्तविक आंकड़ा जीएसटी कमिश्नर तथा प्रमुख सचिव एमएसएमई से प्राप्त कर एक सप्ताह में अवगत कराने के निर्देश दिए ताकि अधिक संख्या में प्रतिष्ठानों का पंजीकरण कराते हुए श्रमिकों को योजनाओं का लाभ दिया जा सके। परिषद द्वारा संचालित योजनाओं को जनहित गारंटी अधिनियम से आच्छादित किये जाने संबंधित प्रस्ताव को भी कार्यरूप में परिणत किये जाने के निर्देश भी दिए गए।

**यूपी श्रम कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष ने बस उपलब्ध कराने के दिए निर्देश**

## विधायक बृजेश सिंह और उनकी पत्नी अन्नपूर्णा सिंह ने किया नामांकन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

वाराणसी। यूपी विधानसभा चुनाव 2022 के बाद अब एमएलसी चुनाव के लिए भी रणनीति तैयार होने लगी है। भाजपा के प्रचंड जीत के बाद अब यूपी एमएलसी चुनाव के लिए भी सियासी मैदान सजकर तैयार है। इसी कड़ी में वाराणसी में स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी के चुनाव के लिए पूर्व विधायक अन्नपूर्णा सिंह ने नामांकन किया। साथ में अपने पति चर्चित विधायक बृजेश सिंह का भी पर्चा दाखिल किया है। वाराणसी में चर्चित विधायक बृजेश सिंह इस समय जेल में हैं। इस तरह अब तक तीन लोगों ने नामांकन किया है। चुनाव के लिए 15 मार्च को जिले में अधिसूचना जारी हुई थी। नामांकन की आखिरी तारीख 19 मार्च निर्धारित है। होली के अवकाश के कारण 17 व 18 को नामांकन नहीं होगा। विधानसभा चुनाव के कारण पिछले दिनों इस चुनाव को टाला गया था।

# कांग्रेस को करना ही होगा बदलाव




## » 4पीएम की परिचर्चा में प्रबुद्धों ने किया मंथन
## » नयी रणनीति पर करना होगा विचार

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। देश में लंबे समय तक हुकूमत करने वाली कांग्रेस अब दो राज्यों राजस्थान और छत्तीसगढ़ तक सिमट गई है। पांच राज्यों के विधान सभा चुनाव नतीजों ने कांग्रेस नेतृत्व पर फिर सवाल खड़े कर दिये हैं। सवाल है कि कांग्रेस का आने वाला दौर कैसा होगा? इस मुद्दे पर वरिष्ठ पत्रकार सुशील दुबे, परंजॉय गुहा ठाकुरता, उमाशंकर दुबे, ज्ञान गर्ग, डॉ. सुनीलम, सृष्टि कश्यप, अभिषेक कुमार, 4पीएम के संपादक संजय शर्मा ने एक लंबी परिचर्चा की।**

परंजॉय गुहा ठाकुरता ने कहा कांग्रेस नेतृत्व में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, व प्रियंका गांधी हैं। मैं ये नहीं कह रहा हूं कि आप राजनीति छोड़ दें लेकिन और लोगों को ले आइए। कांग्रेस को फिर शून्य से शुरू करना पड़ेगा। 2024 के बारे में नहीं सोचे बल्कि हर रोज लड़ाई के बारे में सोचे तभी बदलाव आएगा। सुशील दुबे ने कहा मनमोहन सिंह की जगह प्रणब मुखर्जी को पीएम बनाया गया होता, अर्जुन सिंह को पीएम बनाया गया होता तो कांग्रेस को फायदा मिलता। आज कांग्रेस खंडहर है, देश के लिए विकल्प नहीं है, इसी का फायदा अन्य दल उठा रहे हैं। ज्ञान गर्ग ने कहा, यदि सपा गठबंधन को भाजपा को हराने का मौका मिल रहा है। पार्टी को लग रहा है कि वहां लड़ कर इसे हरा सकती है तो अल्पसंख्यक वोट, हर उस आदमी का वोट जो ये जानते हैं कि कांग्रेस इस सीट पर पिछड़ रही हैं तो वे भाजपा को हराने के लिए सपा को वोट दे सकते हैं। ऐसे में कांग्रेस के लिए बड़ी चुनौती है। उमाशंकर दुबे ने कहा, चुनावी एपिसोड में कांग्रेस का जनाधार गिरता जा रहा है। प्रियंका ने कोशिश की मगर बूथों में भी कांग्रेस गायब हो गई, यह मंथन का समय है। डॉ. सुनीलम ने कहा कि कांग्रेस का यूपी में प्रयोग गलत साबित हुआ। अन्य दलों को साथ लेकर चलना होगा तभी सफलता मिल सकती है। सृष्टि कश्यप ने कहा कि भाजपा के 1324 के बाद 753 कांग्रेस के विधायक है तो ऐसे में उसे कम आंकना बंद करना चाहिए। कांग्रेस शून्य से शुरूआत कर चुकी है, आने वाले चुनावों में इसका असर दिखेगा। अभिषेक कुमार ने भी परिचर्चा में अपने विचार रखे।

**परिचर्चा**
रोज शाम को छह बजे देखिए 4PM News Network पर एक ज्वलंत विषय पर चर्चा

# अयोध्या : धार्मिक कार्यक्रम में बम से हमला चार की हालत नाजुक

## » भंडारे में आयोजित नौटंकी कार्यक्रम के दौरान अराजकतत्वों ने किया बवाल

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**अयोध्या। श्रीमदभागवत भंडारे में आयोजित नौटंकी कार्यक्रम में अराजक तत्वों द्वारा देशी बम फेंकने से चार लोग घायल हो गए है। घायलों को इलाज के लिए पुलिस सीएचसी मयाबाजार ले गई, जहां से चिकित्सकों ने उनकी हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। चारों की हालत नाजुक बनी हुई है।**

गोसाईगंज थाना क्षेत्र के समीप रजपलिया गांव में राम भवन प्रजापति के यहां श्रीमदभागवत कथा का भंडारा था। यहां नौटंकी का कार्यक्रम रखा गया था। बुधवार को रात नौटंकी शुरू होने के बाद शराब के नशे में धुत अराजक तत्वों ने बवाल शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिस ने मामला शांत कराया। जैसे ही पुलिस आगे बढ़ी किसी ने भीड़ से एक देशी बम फेंक दिया। बम दगने से चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बम फटने से रजपलिया गांव के निवासी मंगल निषाद, सोनबरसा निवासी बाबू राम, सूरज सैनी व श्याम नारायण सिंह टंडौली गंभीर रूप से घायल हो गए।

# कार व डंपर की भिड़ंत में तीन लोगों की मौत, चालक फरार

## » लखनऊ के किसान पथ पर हुआ भीषण हादसा

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। राजधानी के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके में बुधवार तड़के किसान पथ पर भीषण सड़क हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई। हादसा डंपर और कार के आमने-सामने टक्कर में हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। घायलों को कार से बाहर निकालने के लिए गैस कटर से वाहन के दरवाजे काटे गए। हालांकि तब तक तीनों की मौत हो चुकी थी।**



डंपर चालक मौके पर वाहन छोड़कर भाग निकला। हादसे के बाद किसान पथ पर जाम लग गया। पुलिस ने डंपर और दुर्घटनाग्रस्त कार को सड़क से किनारे कराया, इसके बाद आवागमन शुरू हो सका। इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी देवेंद्र विक्रम सिंह के मुताबिक ड्रीम वैली के पास किसान पथ पर डंपर ने सामने से कार में टक्कर मारी थी। हादसे में कसया कुशीनगर निवासी सत्यम त्रिपाठी, नितेश शर्मा और आकाश कुशवाहा की मौत हुई है। तीनों के घरवालों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। डंपर के नंबर के आधार पर चालक की तलाश की जा रही है। पीड़ित परिवारजनों के आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# राजधानी में चटख होने लगा होली का रंग

## राज्यपाल, सीएम योगी व अखिलेश ने दी प्रदेशवासियों को बधाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। देशभर में होली का पर्व उल्लास से मनाया जा रहा है। यूपी की राजधानी लखनऊ में भी होली का रंग चटख होने लगा है। यूवा और बच्चें पूरे उत्साह से रंगों में सराबोर हो रहें है। वहीं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली के पावन अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को बधाई देते हुए उनके सुखी व समृद्धिशाली जीवन की कामना की है।**

राज्यपाल ने बधाई संदेश में कहा है कि रंगों का त्यौहार होली सामाजिक सौहार्द का पर्व है जो लोगों के जीवन में खुशी, उत्साह व आशा का संचार करता है। उमंग और उल्लास का यह पर्व हमारी सांस्कृतिक विविधता में निहित राष्ट्रीय चेतना को और शक्ति प्रदान करे। बधाई संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि होली का पर्व हमें अधर्म, असत्य व अन्याय जैसी नकारात्मक प्रवृत्तियों से लड़ने की प्रेरणा देता है। उन्होंने होली के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों में कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन करने की अपील की है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि सभी वर्गों एवं समुदायों के बीच भाई-चारा और मेल-मिलाप हो, यही इस पर्व की पवित्रता है।





### भाजपा नेता का विवादित बयान, बोले

# हिजाब विवाद पर अर्जी दायर करने वाली छात्रा आतंकी

» छात्राओं ने आतंकी संगठन से हासिल की ट्रेनिंग

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के नेता यशपाल सुवर्ण ने हिजाब प्रतिबंध के खिलाफ कर्नाटक हाईकोर्ट जाने वाली छात्राओं को आतंकी संगठन का सदस्य बताया है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाए है कि छात्राओं ने आतंकी संगठन से ट्रेनिंग हासिल की है। इस दौरान सुवर्ण ने छात्राओं के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की है। वहीं इससे पहले उच्च न्यायालय ने स्कूल-कॉलेजों में वर्दी को लेकर राज्य सरकार के आदेश को बरकरार रखा था। साथ ही हिजाब प्रतिबंध के खिलाफ दायर याचिकाओं को खारिज कर दिया था।**

समाचार एजेंसी एएनआई से बातचीत में भाजपा ओबीसी मोर्चा के महासचिव



सुवर्ण ने कहा जो 6 छात्राएं यह कहते हुए कोर्ट गईं थी कि वे अदालत के फैसले का सम्मान करेंगी, उन्होंने ऐसे बयान दिए हैं, जिससे हमारी न्यायपालिका की बदनामी हुई है। उन्होंने खुद को वैसा साबित कर दिया है, जैसा मैंने पहले कहा था कि वे 6 छात्राएं नहीं हैं, वे आतंकी संगठन की सदस्य हैं। तीन न्यायाधीशों के खिलाफ उन्होंने जिस तरह से बयान दिए, वह साबित करते हैं वे आतंकी संगठन से जुड़ी हुई हैं। सुवर्ण उडुपी कॉलेज विकास समिति के उपाध्यक्ष भी हैं। उन्होंने आरोप लगाए कि हैदराबाद से आतंकी संगठन यहा आया था और उन्हें ट्रेनिंग देकर गया है कि मीडिया के सामने क्या बयान देने चाहिए। सुवर्ण ने कहा हम संबंधित एजेंसियों से उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग करते हैं। जो लोग इस तरह के बयान देते हैं, उन्हें यहां रहने या काम करने की अनुमति नहीं मिलनी चाहिए। उन्हें उस देश चले जाना चाहिए, जहां वे अपना धर्म मान सकें, उन्हें दूसरे गरीब छात्रों को परेशान नहीं करना चाहिए।

# रातभर पुलिस ने पीटा, कोर्ट में फूट-फूटकर रोया

» आगरा में एक मीडियाकर्मी को पुलिस हिरासत में थर्ड डिग्री

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद आगरा में पुलिसिया कार्रवाई फिर से बेकाबू हो गई है। सत्ताधारियों को खुश करने के लिए अब समाज के चौथे स्तंभ पर आगरा की पुलिस ने हमला बोल दिया है। तथाकथित मामले में एक राष्ट्रीय समाचार पत्र के रिपोर्टर को अंधेरी रात में घर से उठा लिया। थाने में लाकर रात पर पीटा गया, सुबह कोर्ट में जब उसे पेश किया गया, तो पुलिस जुल्म सुनाकर पत्रकार मजिस्ट्रेट के सामने फूटकर रोया, शरीर पर पिटाई के निशान दिखाए। इसके बाद से प्रदेश के मीडियाकर्मियों में रोष व्याप्त है।**

दरअसल यूपी चुनाव में मतगणना स्थल पर हंगामे के बाद कवरेज करने पहुंचे पंजाब केसरी के पत्रकार गौरव बंसल और दस-बारह साथियों के खिलाफ बलवा, सरकारी कार्य में बाधा और क्रिमनल एक्ट के तहत झूठा



मुकदमा दर्ज किया गया था। इस मामले में सोमवार-मंगलवार की देर रात अधिकारियों का फरमान मिलने के बाद पुलिस ने गौरव बंसल को उसके घर से दबोच लिया। कोर्ट में पेशी के समय गौरव ने मजिस्ट्रेट के समक्ष रो-रोकर पुलिसयां जुल्म कीदास्ता सुनाई। उसने कहा कि रात भर थाने में थर्ड डिग्री दिया गया। अधिवक्ताओं की दलील के बाद अदालत ने 21 मार्च तक गौरव बंसल को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# अयोध्या में बच्ची से दुष्कर्म के विरोध में फूटा आक्रोश

» टेंट हाउस का कर्मी निकला दरिंदगी का आरोपित

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**अयोध्या। नगर के बैरागपुरा मोहल्ले में मासूम के साथ दरिंदगी के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसकी उम्र करीब 22 साल है। घटना कल रात नौ बजे के बाद की है और गुरुवार तड़के आरोपी की गिरफ्तारी के बावजूद लोग आक्रोशित हैं। दरअसल, यह घटना उस समय की है जब घटनास्थल से कुछ ही दूर सामूहिक भोज का कार्यक्रम चल रहा था और इस कार्यक्रम में किराए पर टेंट लगवाया गया था।**

अयोध्या नगर के ही गोनियाना मोहल्ला निवासी आरोपी राजन माझी टेंट हाउस का कर्मचारी है। ऐसे में घटना से आक्रोशित लोग टेंट मालिक के विरुद्ध भी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि घटना के बाद टेंट हाउस के मालिक ने आरोपी की मदद करने की साजिश रची। अयोध्या कोतवाली से कुछ ही फासले पर स्थित राजसदन के सामने घटना के विरोध में रोष व्यक्त कर रहे लोगों का दावा है कि घटना की जानकारी पूर्व में ही टेंट हाउस मालिक को थी।

# एमएलसी की 30 सीटों के लिए अब 21 मार्च तक नामांकन

» होली की छुट्टी एक दिन बढ़ाने से तारीख आगे बढ़ी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

**लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधान परिषद में स्थानीय प्राधिकारी क्षेत्र की 36 सीटों में से 30 सीटों के लिए अब 21 मार्च तक नामांकन पत्र भरे जा सकेंगे। भारत निर्वाचन आयोग ने यह फैसला 19 मार्च को प्रदेश सरकार द्वारा होली की छुट्टी एक दिन और बढ़ाने के कारण लिया है। वहीं बुधवार को 20 और प्रत्याशियों ने नामांकन किया।**

बुधवार को रामपुर-बरेली निर्वाचन क्षेत्र से एक, हरदोई से एक, खीरी से दो, लखनऊ-उन्नाव, प्रतापगढ़, सुलतानपुर,




बाराबंकी, बहराइच, आजमगढ़-मऊ में एक-एक नामांकन हुआ। वाराणसी व इलाहाबाद में दो-दो नामांकन हुए। इसके अलावा झांसी-जालौन-ललितपुर, कानपुर-फतेहपुर, इटावा-फर्रूखाबाद, आगरा-फिरोजाबाद, बुलंदशहर व मेरठ-गाजियाबाद में एक-एक नामांकन हुआ। वहीं दूसरे चरण की छह सीटों के लिए कल किसी ने पर्चा नहीं भरा। मुरादाबाद-बिजनौर, रामपुर-बरेली, बदायूं, पीलीभीत-शाहजहांपुर, हरदोई, खीरी, सीतापुर, लखनऊ-उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़, सुलतानपुर, बाराबंकी, बहराइच, आजमगढ़-मऊ, गाजीपुर, जौनपुर, वाराणसी, मीरजापुर-सोनभद्र, इलाहाबाद, बांदा-हमीरपुर, झांसी-जालौन-ललितपुर, कानपुर-फतेहपुर, इटावा-फर्रुखाबाद, आगरा-फिरोजाबाद, मथुरा-एटा-मैनपुरी, अलीगढ़, बुलंदशहर, मेरठ-गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर-सहारनपुर। (नोट-मथुरा-एटा-मैनपुरी सीट से दो सदस्य चुने जाते हैं बाकी से एक सदस्य का चुनाव होता है।)। इन सभी जगहों पर 21 तक नामांकन है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक **बबिता चतुर्वेदी** के लिए **4पीएम** आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ (यूपी) से मुद्रित एवं प्रकाशित। **प्रधान संपादक**- अर्चना दयाल, **संपादक** - संजय शर्मा, **स्थानीय संपादक** - सूर्यकांत त्रिपाठी*, **विधि सलाहकार:** सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार:** संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट:** हसन जैदी, **दूरभाष:** 0522- 4078371 | **Email:** daily4pm@gmail.com | **website:** www.4pm.co.in | **RNI-UPHIN/2015/62233** **डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020**
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही होंगे।